News Paper PG-no :-11

दैनिक भास्कर

जामताड़ा पुलआउट 10-02-2025

### चिरेका में 59वीं वार्षिक पुष्प और बागवानी प्रदर्शनी का आयोजन,बेहतर प्रदर्शन करने वालों को मिला पुरस्कार

# रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू से महक उठा चिरेका का नर्सरी परिसर

भास्कर न्यूज़ | चित्तरंजन

चित्तरंजन रेल नगरी के हिल टॉप के पास नर्सरी परिसर में 59वां वार्षिक पुष्प और बागवानी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद चिरेका महाप्रबंधक विजय कुमार, चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष किरण बधान ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर चिरेका के प्रधान विभागाध्यक्ष , वरिष्ठ अधिकारी , चिरेका महिला कल्याण संगठन की सदस्य, इस वेजिटेबल और फ्लावर शो में हिस्सा ले रहे विभिन्न प्रतिभागी और कर्मचारी उपस्थित रहे। उद्घाटन के मौके पर आयोजक विभाग के सौजन्य से एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। इस पुष्प प्रदर्शनी में 46 श्रेणियां में 80 प्रतिभागियो ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। महाप्रबंधक विजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस भव्य पुष्प एवं सब्जी प्रदर्शनी से हमें निजी जीवन में सीख मिलती है। यह हमारी पोषक और भावात्मक महत्वपूर्ण को प्रदर्शित करती है। लगातार 59 साल तक इसका आयोजन ही इस खूबसूरत आयोजन के महत्व को दर्शाता है। अपने संबोधन में श्री कुमार ने कहा कि पिछले 59 वर्षों से शॉ के आयोजन को भव्य रूप से प्रदर्शित किया जा रहा है। आगे भी आप ज्यादा से ज्यादा पुष्प और सब्जियों के बागवानी को विकसित करने का प्रयास करें और इस शहर को और भी ज्यादा खूबसूरत एवं इको फ्रेंडली बनाएं। इस आयोजन के लिए आयोजन कर्ताओं की सराहना की।

जानकारी हो कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य चित्तरंजन और इसके आसपास हरे और सुंदर वातावरण को बनाए रखने की आदत विकसित करना तथा रेल नगरी निवासियों को इनके प्रति प्रोत्साहित करना है। उद्घाटन के बाद अतिथि गणों एवं अन्य लोगों ने प्रदर्शनी स्थल पर सजाए गए स्टॉल का परिभ्रमण किया। चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष किरण बधान द्वारा विभिन्न 46 श्रेणियों में जैसे सर्वोत्तम रखरखाव वाला बगीचा, गमलों में पौधे,कटे हुए फूल, सब्जियां और समग्र चैंपियन आदि श्रेणी में विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार प्रदान किया गया।



News Paper PG-no :-03

धनबाद, सोमवार
10 फरवरी, 2025
नगर संस्करण ***
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14
www.jagran.com

# दैनिक जागरण

झारखंड, बिहार, प. बंगाल, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

ग्रामीण क्रेडिट स्कोर आसानी से दिलाएगा कर्ज 11

नौसेना हर तरीके से भारत के समुद्री हितों की रक्षा करेगी : नौसेना प्रमुख 13

## घर में सजाएं बगिया, आसपास रखें हरा भरा तो जीवन रहेगा खुशहाल



पुष्प प्रदर्शनी का निरीक्षण करते चिरेका महाप्रबंधक विजय कुमार व अन्य • जागरण

- चिरेका में 59वीं वार्षिक पुष्प एवं बागवानी प्रदर्शनी संपन्न
- बेहतर प्रदर्शन करने वाले चिरेका वासी को मिला पुरस्कार

**संवाद सहयोगी, जागरण • जामताड़ा :** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) रेल नगरी के हिल टाप निकट स्थित नर्सरी परिसर में रविवार को 59वां वार्षिक पुष्प व बागवानी प्रदर्शनी लगाई गई। शुभारंभ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक चिरेका के विजय कुमार, सम्मानित अतिथि चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष किरण बधान ने किया। एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। इस पुष्प प्रदर्शनी में 46 श्रेणियां में 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजय कुमार ने कहा पुष्प एवं सब्जी प्रदर्शनी से हमें निजी जीवन में सीख मिलती है।

यह हमारी पोषक और भावात्मक महत्वपूर्ण को प्रदर्शित करती है। लगातार 59 साल से इस आयोजन ही इस खूबसूरत आयोजन के महत्व को दर्शाता है। कहा कि पिछले 59 वर्षों से शो के आयोजन को भव्य रूप से प्रदर्शित किया जा रहा है। आगे भी आप ज्यादा से ज्यादा पुष्प और सब्जियों के बागवानी को विकसित करने का प्रयास करें और इस शहर को और भी ज्यादा खूबसूरत एवं इको फ्रेंडली बनाएं। इस आयोजन के लिए आयोजन कर्ताओं की सराहना की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य चित्तरंजन और इसके आसपास हरे और सुंदर वातावरण को बनाए रखने की आदत विकसित करना तथा रेल नगरी निवासियों को इनके प्रति प्रोत्साहित करना है। उद्घाटन के बाद अतिथि गणों एवं अन्य लोगों ने प्रदर्शनी स्थल पर सजाए गए स्टॉल का परिभ्रमण किया। किरण बधान ने विभिन्न 46 श्रेणियों में जैसे सर्वोत्तम रखरखाव वाला बगीचा, गमलों में पौधे, कटे हुए फूल, सब्जियां और समग्र चैंपियन आदि श्रेणी में विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार दिया।

News Paper PG-no :-05

देवघर, सोमवार
10.02.2025

झारखंड का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक

प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

देवघर । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । कोलकाता । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित

facebook.com/prabhat.khabar twitter.com/prabhatkhabar instagram.com/prabhat.khabar

## जामताड़ा/बंगाल

### चिरेका में 59वीं वार्षिक प्रदर्शनी, महाप्रबंधक ने की सराहना

# रेल नगरी में खिला प्रकृति प्रेम फूलों सब्जियों की लगी प्रदर्शनी

prabhatkhabar.com पर संबंधित खबर देखने के लिए स्कैन करें

**प्रतिनिधि, मिहिजाम**



संबोधित करते महाप्रबंधक विजय कुमार.

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना के रेलनगरी स्थित हिलटॉप के पास नर्सरी परिसर में रविवार को 59वीं वार्षिक पुष्प और बागवानी प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि, चिरेका महाप्रबंधक विजय कुमार और सम्मानित अतिथि, चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा किरण बधान ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में चिरेका के प्रधान विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, चिरेका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, विभिन्न प्रतिभागी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. उद्घाटन के बाद आयोजकों की ओर से एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसने माहौल को और भी जीवंत बना दिया. इस वर्ष की पुष्प प्रदर्शनी में 46 विभिन्न श्रेणियों में कुल 80 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

चिरेका महाप्रबंधक विजय कुमार ने इस अवसर पर कहा कि यह भव्य पुष्प एवं सब्जी प्रदर्शनी हमें प्रकृति के प्रति प्रेम और देखभाल का संदेश देती है. यह केवल सौंदर्य ही नहीं, बल्कि पोषण और भावनात्मक महत्व को भी दर्शाती है. पिछले 59 वर्षों से इस प्रदर्शनी का सफल आयोजन इसके महत्व को स्पष्ट रूप से दर्शाता है. उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने आसपास अधिक से अधिक बागवानी करें और इस शहर को और भी सुंदर व पर्यावरण अनुकूल बनाने में योगदान दें. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य चित्तरंजन और उसके आसपास हरे-भरे एवं स्वच्छ पर्यावरण को बनाये रखने की आदत विकसित करना है, साथ ही रेलनगरी के निवासियों को इसके प्रति प्रोत्साहित करना है.

उद्घाटन के बाद अतिथियों और अन्य आगंतुकों ने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया. चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा किरण बधान ने विभिन्न श्रेणियों जैसे सर्वश्रेष्ठ रख-रखाव वाला बगीचा, गमलों में उगाये गये पौधे, कटे हुए फूल, सब्जियां और समग्र चैंपियन आदि के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये. यह आयोजन न केवल प्रकृति प्रेम को प्रोत्साहित करता है बल्कि लोगों को हरे-भरे और स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूक भी बनाता है.

News Paper PG-no :-10

संताल परगना से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक

# इंडियन पंच

अपराधी बच नहीं पाएगा।

तैयारी को लेकर यह समिति के

है कि 02 मार्च को भव्य कलश यात्रा

निमंत्रण कार्ड देकर आमंत्रित कर रहे

आयोजन भी किया जाएगा।

### चिरेका में 59वीं वार्षिक पुष्प व बागवानी प्रदर्शनी-2025 का हुआ आयोजन

## पुष्प व सब्जी प्रदर्शनी हमारे पोषक और भावात्मक महत्व को प्रदर्शित करती है : जीएम

चित्तरंजन। संवाददाता।





चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना रेल नगरी के हिल टॉप निकट स्थित नर्सरी परिसर में 09 फरवरी को 59वां वार्षिक पुष्प और बागवानी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद महाप्रबंधक विजय कुमार और सम्मानित अतिथि, चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष किरण बधान ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर चिरेका के प्रधान विभागाध्यक्षगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, चिरेका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, इस वेजिटेबल और फ्लावर शो में हिस्सा ले रहे विभिन्न प्रतिभागी और कर्मचारीगण उपस्थित थे। उद्घाटन के मौके पर आयोजक विभाग के सौजन्य से एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पुष्प प्रदर्शनी में 46 श्रेणियों में 80 प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। महाप्रबंधक विजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस भव्य पुष्प एवं सब्जी प्रदर्शनी से हमें निजी जीवन में सीख मिलती है। यह हमारे पोषक और भावात्मक महत्व को प्रदर्शित करती है। लगातार 59 साल तक इसका आयोजन ही इस

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले चिरेका वासी को मिला पुरस्कार

खूबसूरत आयोजन के महत्व को दर्शाता है। अपने संबोधन में श्री कुमार ने कहा कि पिछले 59 वर्षों से ही के आयोजन को भव्य रूप से प्रदर्शित किया जा रहा है। आगे भी आप ज्यादा से ज्यादा पुष्प और सब्जियों के बागवानी को विकसित करने का प्रयास करें और इस शहर को और भी ज्यादा खूबसूरत एवं हरी भरी बनाएं। इस आयोजन के लिए आयोजन कर्ताओं की सराहना की। जानकारी हो कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य चित्तरंजन और इसके आसपास हरे और सुंदर वातावरण को बनाए रखने की आदत विकसित करना तथा रेल नगरी निवासियों को इसके प्रति प्रोत्साहित करना है। उद्घाटन के बाद अतिथि गणों एवं अन्य लोगों ने प्रदर्शनी स्थल पर सजाए गए स्टॉल का परिभ्रमण किया। चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा किरण बधान ने विभिन्न 46 श्रेणियों में जैसे सर्वोत्तम रखरखाव वाला बगीचा, गमलों में पौधे, कटे हुए फूल, सब्जियां और समस्त चैंपियन आदि श्रेणी में विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार प्रदान किया गया।